NBT
नवभारत टाइम्स

# गाजियाबाद में मेड इन अमेरिका के नाम से नकली हेल्थ सप्लीमेंट पकड़ा




गाजियाबाद। आजकल युवाओं में जिम करने और बॉडी बनाने का खूब क्रेज है, इसके लिए वे ट्रेनर की सलाह पर हेल्थ सप्लीमेंट भी खूब लेते हैं। लेकिन बाजार में नामी कंपनियों के नाम पर नकली हेल्थ सप्लीमेंट भी चल रहे हैं, इसलिए सचेत रहने की जरूरत है, कहीं ऐसा न हो कि नकली हेल्थ सप्लीमेंट आपको बीमार बना दें। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने लोनी में एक ऐसी फैक्ट्री पकड़ी है जो नामी कंपनी के नाम पर हेल्थ सप्लीमेंट तैयार करती थी।

टीम ने मौके से “मेड इन अमेरिका” के नकली रेपर भी बरामद किए हैं। यह रेपर दिल्ली में तैयार कराए गए थे और माल भी दिल्ली में सप्लाई किया जा रहा था। एडीए ने आठ सैंपल जांच को भेजे लोनी की न्यू विकास नगर कालोनी में बिना लाईसेंस संचालित की जा रही हेल्थ सप्लीमेंट बनाने वाली एक फैक्ट्री पकड़ी गई है। पुलिस की सूचना पर एफडीए की टीम मौके पर पहुंची तो “मेड इन अमेरिका” के रेपर लगे हेल्थ सप्लीमेंट तैयार होते देख दंग रह गई।

Source: [https://royalbulletin.in/fake-health-supplement-in-the-name-of-made-in-america-caught-in-ghaziabad/256371](https://royalbulletin.in/fake-health-supplement-in-the-name-of-made-in-america-caught-in-ghaziabad/256371)